an>

Title: Need to run a train from Singrauli in Madhya Pradesh to Delhi via Bhopal.

श्रीमती रीती पाठक (सीधी) : सिंगरौली मेरे संसदीय क्षेत्र सीधी का एकमात्र रेलवे स्टेशन है। सिंगरौली की पहचान देश में "उर्जधानी" के रूप में है। यहाँ कोयले की मिनी रत्न कंपनी एन.सी.एल. के साथ-साथ, एन.टी.पी.सी., रिलायन्स पावर, हिण्डालको, एस्सार, डी.बी. पावर, जे.पी. पावर, आर्यन पावर व अन्य कई उद्योग स्थापित हैं। यहाँ से आवागमन के दृष्टिकोण से दिल्ली, भोपाल जो क्रमशः देश व प्रदेश की राजधानी है, के लिए कोई रेलवे सुविधा नहीं है।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि सिंगरौली से भोपाल व दिल्ली के लिए नियमित सायंकालीन नई ट्रेन चलाई जाए।